तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 4 जनवरी 2026

[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लिम्हा की टीम रही विजयी

3



## खबर संक्षेप

### कटनई में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**अकलतरा।** ग्राम कटनई के शास. पूर्व माध्य. विद्यालय में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर एवं ग्राम पंचायत कटनई के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर से उपलब्ध डॉक्टर अमित वर्मा कैंसर रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रेरणा, डा.पी.पी.मिश्रा, डॉ. इंदिरा मिश्रा, डॉ.रश्मि शर्मा एवं डॉ. शांभवी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. दिवाकर कुमार एवं डॉ.शीला कुमारी जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ. मनोज राय, डॉ.संध्या चंदेल, डॉ. जिग्नेश पंड्या, डॉ. सुनील थवाईत, डॉ. गौरीशंकर असाटी, डॉ. आशीष जयसवाल, डॉ.अनिल यादव डॉ. राहुल जैन, डॉ. प्रकृति, डॉ. राजकुमार न्यूरोसर्जन मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ, डॉ.शीतेंदु पटेल पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ.विक्रम साहू सहित अन्य विशेषज्ञ शिविर में अपनी सेवाएं देंगे।

### जांजगीर में निशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप आज

**जांजगीर-चांपा।** जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। डॉ लोकेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि यह मेगा कैप शिविर 4 जनवरी को क्षेत्रीय विधायक जांजगीर-चांपा व्यासनारायण कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा और यह आयोजन संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया जायेगा। ब्लड प्रेशर जांच,ईसीजी, टू डी ईको, यूरिन टेस्ट,ब्लड शुगर जांच,एच बी ए टी सी, बीबीसी टेस्ट,सीरम क्रिएटिनिन, कोलेस्ट्रॉल जांच ,ऑक्सीजन सैचुरेशन और बीएमआई, बी एम आई ,टीएमटी ट्रेड मिल टेस्ट इत्यादि जांच की सुविधाएं हैं। रविवार 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक संजीवनी हार्ट केयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जांजगीर में आयोजित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैंप का लाभ उठाने की अपील की हैं।

### संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण 7 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के देवांगन धर्मशाला में बुधवार 7 जनवरी को दोपहर 2 बजे से संगीतमय माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ जल भरण ,कलश यात्रा, शोभा यात्रा के साथ माता परमेश्वरी मूर्ति की स्थापना से किया जाएगा। इस संबंध में देवांगन समाज बिर्रा के सक्रिय सदस्य मूलचंद देवांगन ने बताया कि माता परमेश्वरी यज्ञ महापुराण कथा का शुभारंभ 7 जनवरी बुधवार को किया जाएगा। जिसमें प्रत्येक दिन शाम को 7 बजे महाआरती होगा और रात्रि 8 बजे के बाद महा भंडारा का कार्यक्रम प्रत्येक दिवस होगा। व्यास आचार्य कथा वाचक किशन राव महाराज चांपा वाले होंगे। इस कार्यक्रम का समापन बुधवार 14 जनवरी को समापन किया जाएगा।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श चिकित्सा शिविर 11 को

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी सरकंडा पुलिस थाना के पास बहतराई रोड बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। जिसमें डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति रहेगी । इस निशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परामर्श शिविर का लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### रबी की खेती के लिए 5 जनवरी से 30 अप्रैल तक मिलेगा पानी

# हसदेव बांगो की धार छूटेगी एक दिन बाद, गर्मी में लहलहाएगी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में जीवनदायिनी हसदेव बांगो नहर की धार दो दिनों बाद छूटेगी। इस बार भी ग्रीष्मकालीन फसल के लिए 5 जनवरी से 30 अप्रैल तक पानी दिया जाएगा। इसको लेकर किसानों ने भी रबी फसल की तैयारी कर ली है। खाद, बीज के भंडारण के साथ खेतों में खरपतवारों को नष्ट करने का काम शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि हसदेव बांगो नहर से 90 प्रतिशत से अधिक सिंचित जांजगीर चांपा जिले में खरीफ फसल समेटने का काम लगभग पूरा हो गया है। किसान इन दिनों धान बेचने में व्यस्त है। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन फसल लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। पिछले दिनों जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में ग्रीष्मकालीन फसल के लिए 5 जनवरी से पानी देने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया था। साथ ही इस बात का निर्धारण भी किया गया था कि पिछले साल जहां तक आसानी से सिंचाई हुई थी, वहीं तक के रकबे में रबी की फसल लगाई जाएगी। इसके अलावा नहर के जिस माईनर में मेंटेनेंस का काम होना है, वहां पानी नहीं दिया जाएगा। बताया जाता है कि इसको लेकर जल संसाधन विभाग का अमला गांव गांव में संपर्क करके जानकारी देने में जुटा हुआ है। इधर ग्रीष्मकालीन फसल लगाने वाले किसान भी खाद बीज की व्यवस्था करने के साथ खेतों को तैयार करने में लगे हुए है। खरीफ फसल को समेटने के बाद खेतों को रबी फसल के लिए तैयार करने का काम जोर शोर से शुरू हो गया है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 5 जनवरी से नहर की धार छूटेगी। जिले के नवागढ़, पामगढ़ और अकलतरा के साथ बलौदा ब्लाक के सिंचित एरिया में ग्रीष्मकालीन फसल के लिए पानी दिया जाएगा। अंतिम छोर के गांवों को छोड़कर ऊपरी इलाकों में पानी देने की व्यवस्था बनाई गई है।

### 4 ब्लाक के सिंचित एरिया में लगेगी फसल

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ग्रीष्मकालीन फसल के लिए जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा ब्लाक के सिंचित एरिया तक पानी दिया जाएगा। इसके तहत नवागढ़ में सेमरा, तुलसी तक पानी पहुंचेगा। इधर अकलतरा नहर में पामगढ़ तक पानी पहुंचेगा, जबकि बलौदा के सिंचित एरिया में नहर की धार चलेगी।

### 5 से नहर में पानी

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 5 जनवरी से नहर में पानी देना है। किसानों से संपर्क कर रहे है। डिमांड के अनुरूप नहर में पानी दिया जाएगा। नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा और बलौदा के सिंचित एरिया में पानी मिलेगा।

-शशांक सिंह
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग जांजगीर

# पांच दशक से नहीं हुआ शहर का नजूल सर्वे

## शासन को हो रही राजस्व की क्षति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शहर की बस्ती के दुकान व मकान।

शहर के आधे से ज्यादा इलाके में निवासरत लोग करीब पांच दशक पूर्व हुए नजूल सर्वे के बाद पुनः शहर का नजूल सर्वे नहीं किए जाने से खासे परेशान है। नगर के सदर बाजार, सोनारपारा, देवांगनपारा, कसेरपारा, हाईस्कुल मार्ग, बेलदारपारा जैसे शहर के आधे से ज्यादा मोहल्ले के लोग नजूल सर्वे से छूटे हुए है। ऐसे में उन्हें अपनी अंचल संपत्ति का विक्रय करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे प्रदेश शासन को भी राजस्व की क्षति हो रही है।

नगर के आधे से भी ज्यादा लोग अपनी पैतृक संपत्ति पर काबिज होने के बाद भी इसका नियमानुसार विक्रय कर पाने में असमर्थ है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 1975-80 के बाद नगर का नजूल सर्वे नहीं हो पाया है। प्रदेश शासन को शहर के नजूल सर्वे से छूटे हुए इलाके में निवासरत लोगों की परेशानी यह है कि उन्हें अपनी ही पैतृक संपत्ति का फौती नामांतरण कराकर अपनी ही पैतृक संपत्ति का विक्रय करने में परेशानी हो रही है। नगर के नजूल सर्वे से छूटे हुए इलाकों में जरुरत पड़ने पर अपनी अंचल संपत्ति यानि भूमि अथवा मकान को पंजीकृत विक्रय करने की बजाए लोगों को उसका कब्जा स्थानांतरण करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें औने-पौने दामों में अपनी संपत्ति का कब्जा देने को विवश होना पड़ रहा है। जबकि नजूल सर्वे हो जाने की स्थिति में ऐसे भूमि स्वामी अपनी संपत्ति पंजीकृत कराकर उसका विक्रय कर सकते हैं। दूसरी ओर नजूल सर्वे नहीं हो पाने से प्रदेश शासन को भी पंजीयन शुल्क, स्टाम्प शुल्क और कर निर्धारण जैसे राजस्व की प्राप्ति से वंचित होना पड़ रहा है। नजूल सर्वे किए जाने से लोगों को भी काफी राहत मिलेगी और वे बैंक से मकान निर्माण के लिए लोन भी ले सकेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें अपनी संपत्ति का पंजीकृत विलेख के माध्यम से विक्रय करने में भी आसानी होगी। इससे प्रदेश शासन को भी राजस्व की प्राप्ति होगी। करीब पांच दशक से अटके नगर के पुनः नजूल सर्वे कराए जाने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक और समुचित पहल किए जाने का शहर की जनता इंतजार कर रही है।

### उठाएंगे विस के आगामी सत्र में मामला

मेरे संज्ञान में यह मामला आने के बाद मेरे द्वारा छग विधानसभा के आगामी फरवरी माह में होने वाले बजट सत्र में पूरा मामला राजस्व मंत्री के समक्ष उठाकर चांपा का नजूल सर्वे कराए जाने की मांग की जाएगी।

- व्यास कश्यप
विधायक,
जांजगीर-चांपा विधानसभा

# सायबर अपराध से बचने महिलाओं को बताया गया सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




महिला सुरक्षा को लेकर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाकर भांठापारा जांजगीर में महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को सायबर अपराध से बचने सोशल मीडिया के सही उपयोग का तरीका भी बताया गया।

भांठापारा जांजगीर में सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे की उपस्थिति में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान घरेलू हिंसा, गुड टच बेड टच, सायबर अपराधों से बचने के लिए सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोगों के बारे में बताया गया। नशे पान से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी साझा की गई। सीएसी योगिता खापर्डे ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को अभियान का मुख्य लक्ष्य के बारे में अवगत कराते हुए बताएं कि महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, कानूनों और सुरक्षा उपायों की जानकारी देना है, ताकि वे स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें और किसी भी प्रकार के अपराध के विरुद्ध आवाज़ उठा सकें। पुलिस हेल्पलाइन नंबर, जैसे डायल 112, साइबर अपराध, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और पीछा करने जैसी समस्याओं से निपटने के तरीकों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष जांजगीर नैला रेखा गढ़वाल, बीजेपी महिला अध्यक्ष उमा सोनी एवं मोहल्ले के महिलाए एवं युवतियां तथा महिला प्रधान आरक्षक निशा पाण्डेय, अनुका तिर्की, महिला आरक्षक शालिनी सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी चौक में शव रखकर चक्काजाम करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। प्रदर्शन करने वाले 10 नामजद समेत अन्य के खिलाफ सिटी कोतवाली में एफआईआर की गई है।

### खास बात

- मार्ग अवरूद्ध करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई



नेताजी चौक में तीन घंटे तक चला था चक्काजाम

जांजगीर के नेताजी चौक स्थित नेताजी फर्नीचर दुकान में खोखसा निवासी हरिचरण प्रधान विगत 15 सालों से काम करता था। नवंबर माह में काम के दौरान वह सीढी से गिरकर घायल हो गया था। लंबे उपचार के बाद शुक्रवार 2 जनवरी की शाम उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजन और जान पहचान वाले आक्रोशित हो गए। शाम को ही नेताजी चौक में शव रखकर चक्काजाम कर दिया गया। मुआवजे की मांग को लेकर कई घंटे तक प्रदर्शन चला। इस दौरान मुख्य सड़क को तीन घंटे तक बाधित किया गया, जिससे आमजन की आवाजाही प्रभावित हुई। सड़क अवरूद्ध कर प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही आंदोलन करने वालों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। जांजगीर सिटी कोतवाली में 10 नामजद समेत अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। कोतवाली पुलिस ने कृष्ण टंडन, संजय रत्नाकर, मनीष गड़ेवाल, तरुण कश्यप, धीरेंद्र बौद्ध, सचिन सूर्यवंशी, दुर्गेश प्रधान, रामपाल दिनकर, सुरेन्द्र रत्नाकर और हेमंत पैगवार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। इनके अलावा भी अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस द्वारा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# सरहर ख़रीदी केंद्र में किसानों से लिया जा रहा अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव



सारागांव तहसील क्षेत्र के धान ख़रीदी केंद्र सरहर में किसानों से तय मात्रा से अधिक धान लिया जा रहा है। यहां किसानों से खुलेआम 41 किलो 500 ग्राम धान लेकर लूट किया जा रहा है।

सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। धान खरीदी को लेकर कई नियम भी बनाए गए हैं। वहीं मात्रा भी तय की गई है, लेकिन किसानों से ख़रीदी केंद्रों द्वारा तमाम नियमो का हवाला देते हुए अधिक धान लेने की शिकायत भी सामने आती है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा भी इस प्रकार की अनियमितता पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही सामने नही आती। सरहर धान ख़रीदी केंद्र में किसानों से प्रत्येक तौल में 41.500 कि.ग्रा.धान लिया जा रहा है। जबकि राज्य सरकार का आदेश है कि किसानों से 40.700 कि.ग्रा. ही धान लेना है। वही यहां के ख़रीदी प्रभारी खुद कह रहे है, कि किसानों से यहां 41.500 कि.ग्रा. धान ले रहे है। वही किसान अपने अनाज को खुद पलटी कर रहे है। अगर समिति के कर्मचारियों को पलटी कराते है तो किसानों से 3 रुपये के हिसाब से रेट तय है। ख़रीदी केंद्र में किसान सभी प्रकार से लूट के शिकार हो रहे है, मगर किसानों की सुनने वाला कोई नही है। ऐसे में किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे है।

### केंद्र प्रभारी का क्या है कहना

धान खरीदी केंद्र प्रभारी सीएल राठौर से जब मोबाईल फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने खुद कहा कि किसानों से 41.500 कि.ग्रा. धान लिया जा रहा है। सरकार की ओर से तय की गई मात्रा के बारे में बताने पर केंद्र प्रभारी ने कहा कि उसके लिए साफ सुथरा धान सुखाकर लाना पड़ेगा।

# चेक क्लीयरेंस को लेकर कलेक्टर ने ली बैंकर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

बैंकर्स और विभागीय अधिकारियों की कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के शासकीय डिफ एवं इनऑपरेटिव खातों को एक्टिव कराकर उनमें उपलब्ध राशि को राज्य शासन को हस्तांतरित कराने शासन के निर्देश है। इसी अनुक्रम में जिले के विभिन्न विभाग अंतर्गत शासकीय डिफ और इनऑपरेटिव खातों में जमा राशि के विरुद्ध उपलब्ध रूपये राज्य शासन को चालान के माध्यम से हस्तांतरित किया जाना है। बैठक में लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि 72 लाख 42 हजार 71 रुपए राज्य शासन को चालान के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। वहीं 20 लाख 54 हजार 552 रूपये के चेक क्लीयरेंस हेतु बैंकों में लंबित हैं एवं 2 लाख 75 हजार रूपये की राशि के खाते एक्टिव कराये जा चुके हैं। कलेक्टर द्वारा जमा एवं शेष राशि की जानकारी सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं एलडीएम को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में भारतीय स्टेट बैंक सक्ती के शाखा प्रबंधक ने बताया कि इस कार्य के लिये स्टेट बैंक शाखा सक्ती में हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी शासकीय डिफ एवं इनऑपरेटिव खातों को एक्टिव कराकर उनमें उपलब्ध राशि का निराकरण करने के निर्देश दिये गये है

### बाल कल्याण समिति ने कराया इंतजाम, सारागांव में मिले थे बच्चे

# भिक्षावृत्ति से शिक्षा की ओर कदम बढ़ाते चार बच्चों का कराया बाल संरक्षण गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बच्चों के संरक्षण गृह प्रवेश की प्रक्रिया करते बाल कल्याण समिति के सदस्य।

सड़क पर घुमकर भिक्षा मांगने वाले 4 बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने बाल संरक्षण गृह में प्रवेश कराया गया है। बच्चे अब यहां रहकर अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे। इनमें तीन बालिका व एक बालक शामिल है।

शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा, सारागांव के चार बच्चे, जो कुछ दिन पूर्व भिक्षा मांगते हुए पाए गए थे, उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बाल संरक्षण गृह में प्रवेश कराया गया है। संकुल समन्वयक सुरेश देवांगन एवं शिक्षिका ऋषि राठौर के सतत प्रयासों से तहसीलदार के.के. जायसवाल, नायब तहसीलदार अभिषेक यादव तथा तहसील सारागांव की टीम द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान 4 बच्चे भिक्षा मांगते मिले थे। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए समिति द्वारा 3 बालिकाओं को बालिका संरक्षण गृह कोरबा तथा 1 बालक को बाल संरक्षण गृह जांजगीर में प्रवेश दिलाया गया। बच्चे अब बाल संरक्षण गृह में बेहतर माहौल में रहकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर से संकुल समन्वयक, शिक्षिका एवं तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बच्चों की लगातार निगरानी की जा रही थी, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया। इस सफल पहल के लिए बाल कल्याण समिति जिला जांजगीर के अध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा एवं सदस्य अनुराधा शुक्ला, देव प्रसाद वर्मन, तपोधन सिंह सिसोदिया, आरती यादव सहित सभी सदस्यों सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया है।

# नहरिया बाबा मंदिर के पास फुट ओवर ब्रिज की विधायक ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



नैला स्थित नहरिया बाबा मंदिर के पास फुट ओव्हरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर विधायक ब्यास कश्यप ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक (वाणिज्य) अनुराग कुमार सिंह से भेंट कर ज्ञापन सौंपा।

विधायक कश्यप ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उक्त रेलवे क्रॉसिंग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक, छात्र एवं बुजुर्ग आवागमन करते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नहरिया बाबा मंदिर एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां पर्व-त्योहारों एवं विशेष अवसरों पर भारी भीड़ उमड़ती है। ऐसे में यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक ने संभावित नक्शे के आधार पर ब्रिज निर्माण को लेकर डीआरएम से चर्चा भी की। डीआरएम अनुराग कुमार सिंह ने ज्ञापन पर गंभीरता से विचार करने तथा आवश्यक तकनीकी परीक्षण के उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

PRAYAS The Success Excellence Temperament Dedication
विद्या ददाति विनयम्
ESTD. 2016

# प्रयास GROUP OF INSTITUTIONS

आपका प्रयास ही आपकी सफलता का श्रेष्ठ मार्ग है...

ISO 9001:2015 CERTIFIED

**सफलता के सूत्रधार**



**डॉ. सचिन यादव**
चेयरमेन
प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन

प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एक प्रतिष्ठित एवं विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थान है, जो उत्कृष्ट शिक्षा, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। डा. सचिन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में यह समूह छत्तीसगढ़ में हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहा है। प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एक सुस्थापित शैक्षणिक संस्था है जो अकादमिक उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उनके गतिशील और प्रगतिशील नेतृत्व में, प्रयास ग्रुप के द्वारा सीबीएसई स्कूल, सीजी बोर्ड स्कूल, एक डिग्री कॉलेज, बी.एड. कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज और व्यावसायिक कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों का सफलतापूर्वक संचालन करता है। उन्होंने बताया कि जबसे हमने प्रयास एकेडमी की नींव रखी तब से ही हमारा उद्देश्य था कि शिक्षा जो संस्कारयुक्त हो, जिसमें आधुनिकता का समावेश हो, जो एक ऐसे चरित्र का निर्माण करें जो आपके आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बन सके। वह ही वास्तविक शिक्षा है।

## स्कूल, कोचिंग व कालेज में छत्तीसगढ़ के कोने- कोने से छात्र ले रहे प्रवेश

प्रयास एकेडमी व पब्लिक स्कूल में प्रदेश के कोने कोने से छात्र प्रवेश ले रहे है, वजह है कम फीस में बेहतर परिणाम। मात्र **1,20,000/-** स्कूल, हॉस्टल, कोचिंग व कालेज की सुविधा अभिभावकों को आकर्षित कर रही है। कोचिंग में राजस्थान, कोटा, व दिल्ली की फेकल्टी छात्र-छात्राओं को पढ़ा रही है। यहां गणित विज्ञान, विज्ञान, कामर्स व आर्टस सभी विषय में प्रवेश उपलब्ध है। प्रयास एकेडमी छात्र-छात्राओं के लिए बहुत ही कारगर साबित हो रहा है। यहां की शिक्षा प्रणाली की वजह से छात्र सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्रयास अकैडमी कम फीस में बेहतर शिक्षा देने वाली छत्तीसगढ़ की पहली संस्था है। यदि कोई छात्र तय कर ले और आर्थिक अभाव हो तो भी प्रयास एकेडमी उसके सपनों को पूरा करने के लिए तैयार है। यही कारण है कि प्रयास एकेडमी से अब तक 265 डॉक्टर, 350 इंजीनियर, 157 से अधिक प्रशासनिक अधिकारी बने है व 200 से अधिक छात्र सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में पढ़ाई कर रहे हैं।

### प्रयास एकेडमी बिलासपुर

यहां की पढ़ाई बहुत अच्छी होने के कारण प्रतिवर्ष यहां के छात्र-छात्राएं आईआईटी नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं पिछले वर्ष सौम्या राय ने नीट परीक्षा में 620 अंक **शाहिद अहमद** 571 **वंदना यादव** 568 अंक के साथ 20 अन्य छात्रों ने मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया। आईआईटी जेईई में सिलेक्ट होने वाले छात्र **शुभम लालवानी** (आईआईटी मुंबई), **आयुष यादव** (आईआईटी मुंबई), **शिवांग त्रिपाठी** (आईआईटी कानपुर), व **हिमांशु उपाध्याय** आईआईटी दिल्ली में प्रवेश प्राप्त किया। जो कि प्रयास संस्था के लिए गर्व की बात है।

### विजन

"गुणवत्तापूर्ण, मूल्य-आधारित एवं समावेशी शिक्षा के माध्यम से जिम्मेदार नागरिक, सक्षम पेशेवर और भावी नेतृत्व तैयार करना।" प्रयास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखते हुए, चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

### मिशन

- उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता प्रदान करना, जिससे विद्यार्थी अकादमिक एवं व्यावसायिक रूप से सक्षम बनें।
- संस्कार और नैतिक मूल्यों को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना।
- आधुनिक तकनीक, स्मार्ट क्लास और नवाचार के माध्यम से रुचिकर एवं प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करना।
- विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना।
- प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत प्रतिभा और क्षमता को पहचानकर उसे निखारना।
- सतत मूल्यांकन, प्रशिक्षण और सुधार के माध्यम से शैक्षणिक उत्कृष्टता बनाए रखना।
- समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाते हुए संवेदनशील और जागरूक नागरिक तैयार करना।

### विद्यालय की विशेषताएं

विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। संस्थान में 700 से अधिक छात्र-छात्राओं की कैपेसिटी वाला भव्य ऑडिटोरियम है। प्रत्येक शनिवार मोटिवेशनल सेमिनार व एक्टिविटी कराई जाती है। सुविधाओं की बात करें तो छात्र-छात्राओं को स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा है एवं शहर के किसी भी कोने से स्कूल आने के लिए बस सुविधा प्रदान की जाती है।

### स्कॉलरशिप प्रोग्राम

हमनें बनाया है, हम ही संवारेंगे के तहत स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा का आयोजन पूरे छत्तीसगढ़ में करती है। ताकि ग्रामीण परिवेश के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित न हो। जिसमें उत्तीर्ण प्रथम 210 छात्रा - छात्राओं को प्रयास अकादमी निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है। जिससे निचले व सामान्य स्तर के बच्चों को शिक्षा के उच्चतम शिखर तक पहुंचने में मदद मिल रही है। पंजीयन हेतु संपर्क करें: 9406038102

### घर से दूर घर जैसा हॉस्टल

प्रयास पब्लिक स्कूल व प्रयास एकेडमी में अध्ययन करने वाले छात्रों के लिए सर्वसुविधायुक्त हॉस्टल की सुविधा है। जहां बच्चों को खुला लेकिन अनुशासित माहौल मिलता है। जिसमें उनमें सामाजिकता और अपनेपन की भावना विकसित होती है और साथ ही उनमें एक ऐसे व्यक्तित्व का भी निर्माण होता है, जो अपनी क्षमताओं का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सके और आने वाले समय की चुनौतियों का पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना भी कर सके।

### मेडिकल सुविधा

स्वस्थ तन और स्वस्थ मन में ही शिक्षा का संचार संभव है, इसलिए स्कूल परिसर में 24x7 मेडिकल केयर टीम सक्रिय रूप से कार्य करते हैं।

**प्राचार्य संदेश**



**डॉ. पद्माकर**
प्राचार्य
प्रयास पब्लिक स्कूल

प्रयास पब्लिक स्कूल उत्कृष्ठता के उच्च मानक के लिए समर्पित है जहां हम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करते है। प्रयास पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति के अनुसार अध्ययन होता है यहां के शिक्षक योग्य, अनुभवी है जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करते है।



**डॉ. अनिता सिंह**
प्राचार्य, महाराणा प्रताप महाविद्यालय

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) से सम्बध महाराणा प्रताप महाविद्यालय उच्च शिक्षा के प्रति समर्पित महाविद्यालय है। यहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 आधारित शैक्षणिक सत्र संचालित है। यह छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध है।



**डॉ. दिनेश जैन**
प्राचार्य, शुभम शिक्षण महाविद्यालय

शुभम शिक्षण महाविद्यालय का उद्देश्य है - कि छात्रों को ऐसी शिक्षा दी जाए कि वे अपने शिक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। शिक्षक केवल विषय पढ़ाने वाले नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माता, चरित्र निर्माता और भविष्य के शिल्पकार हैं। एक शिक्षक की प्रेरणा, उसकी सोच और उसका आचरण एक विद्यार्थी के पूरे जीवन की दिशा तय कर सकता है। हम इसे गुणवत्तायुक्त शिक्षक तैयार करते हैं।

# ADMISSIONS OPEN

Unlock Your Dream with PRAYAS

Session 2026-27 Apply Now

- IIT - JEE
- NEET
- CA FOUNDATION
- CLAT
- UPSC/ CGPSC

From Play Group to Class 12th CBSE Curriculum

STREAM OFFERED
SCIENCE | COMMERCE | ARTS



SCHOOL + HOSTEL + COACHING
1ST TIME IN CHATTISGARH
1,20,000/- per year
100 SEAT

MANAGEMENT KOTA
90,000/- per year
40 SEAT

प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 10/01/2026

ADMISSION OPEN 2026-27
प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी

- FULL AC CLASSROOMS
- WEEKLY TEST SERIES
- SMART CLASSROOMS
- TRANSPORT FACILITY

## JAY BHARAT ENGLISH MEDIUM SCHOOL
CBSE Affiliation No. 3330274
CLASS NURSERY TO 12TH
MATHS | BIO | COMMERCE
UNDER ONE ROOF, ONE GUIDANCE AT JBEMS, BALODA
Bharti Vihar- Baloda, Bilaspur (C.G.)

## प्रयास PUBLIC SCHOOL
DAY CUM BOARDING SCHOOL Affiliation No. 312285
From Play Group to Class 12th CBSE Curriculum
Smart Classroom | Transport Facility
Hostel Facility Available | Full AC Class Room
Stream Offer Science Commerce & Arts
Rajkishore Nagar, Beside of Hariamrit, Mopka Road, Bilaspur (C.G.)

## महाराणा प्रताप महाविद्यालय
अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध College Code - 257
Admission Open : 2026-27
Courses Offered
B.A./B.C.A./B.Com/D.C.A./B.Sc./PGDCA
अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर (छ.ग.)

## SHUBHAM COLLEGE OF EDUCATION
Admission Open : 2026-27
B.ed Courses
शुभम विहार, बिलासपुर (छ.ग.)

## MAHARISHI ARVIND English Medium School
Smart Classroom
Transport Facility
Full AC Class Room
Pondi Seepat, Bilaspur (C.G.)

## प्रयास ACADEMY
आपका प्रयास ही आपकी सफलता का श्रेष्ठ मार्ग है...
Admission Open
Foundation 6th to 12th
D. Pharma | B. Pharma | B.B.A. | M.B.A.
D.C.A. | P.G.D.C.A. | B.A. LLB. | B.Com. LLB. | B.Sc. Nursing
School + College + Coaching + Hostel
Rajkishore Nagar, Beside of Hariamrit, Mopka Road, Bilaspur (C.G.)

हेड ऑफिस : राजकिशोर नगर, मोपका रोड, प्रयास एकेडमी बिल्डिंग, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.: 8103718666, 9406038102

## खबर संक्षेप

### चार टीआई, दो एसआई और तीन एएसआई का तबादला

**कोरबा।** एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने नए साल के पहले दिन पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने 4 थाना प्रभारियों (टीआई) सहित कुल 9 पुलिस अधिकारियों का तबादला किया है। जिसमें 2 सब इंस्पेक्टर (एसआई) और 3 असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर (एएसआई) भी शामिल है। तबादला सूची के अनुसार युवराज तिवारी को बालको थाना प्रभारी, मृत्युंजय पांडे को कुसमुंडा थाना प्रभारी, आशीष कुमार सिंह को करतला थाना प्रभारी और प्रमोद कुमार डडसेना को हरदीबाजार थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल को शहर के मुख्य थाने सिविल लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिविल लाइन थाने में एसपी कार्यालय, कलेक्ट्रेट और कोर्ट सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्र आते हैं। मानिकपुर चौकी का प्रभार परमेश्वर राठौर को दिया गया है। कई थाना और चौकी प्रभारियों को उनके मौजूदा पदों पर ही बरकरार रखा गया है। इनमें कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी, कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल, दर्री थाना प्रभारी नागेंद्र तिवारी,पाली थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे, पसान थाना, कोरबा चौकी, सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी और सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव शामिल हैं। एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने इस फेरबदल के माध्यम से थाना और चौकियों में कसावट लाने तथा कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया है।

### सीपीआई ने रेल सुविधा को लेकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को लिखा पत्र

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने रेल सुविधा को लेकर राष्ट्रपति, सभापति लोकसभा नई दिल्ली को कलेक्टर के नाम पत्र भेजा है। पत्र में श्री वर्मा ने उल्लेख किया गया है कि बिहार से हजारों लोग रोज छत्तीसगढ़, उड़ीसा तक रोजगार के लिए आना जाना लगा रहता है। छत्तीसगढ़ से पटना के लिए एक ही रोज चलने वाली है गाड़ी संख्या 13287 एक साप्ताहिक है किन्तु भागलपुर तक आने-जाने हेतु सीधे कोई रेलगाड़ी नहीं है जबकि गोंडा से टाटा 18186 गोंडा से रांची 18604 या भागलपुर रांची 13404 चलती है जो रांची या टाटा तक रुकी रहती है वह तीनों में से एक-दो गाड़ी को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर या दुर्ग तक बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए या बिलासपुर 22843 बक्सर को सप्ताह में एक दिन भागलपुर तक करने का निर्णय लिया जाए, गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार में हर दिन सैंकड़ों की तादाद में वेटिंग टिकट पर आम जनता को आना जाना पड़ता है एवं जमीन पर एवं टॉयलेट गैलरी में बैठकर सफर करना पड़ता है उसमें भी बोगियों की संख्या बढ़ाना चाहिए। जिससे आम जनता को छठ, दिवाली, होली, दुर्गा पूजा एवं वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अथवा बच्चों का विवाह संपन्न करने के लिए कष्ट न उठाना पड़े।

### कथक नर्तक पर्वतम ने भारत संस्कृति उत्सव में जीता प्रथम पुरस्कार



**बालको।** कथक नर्तक पर्वतम योद्धा ने प्रतिष्ठित भारत संस्कृति उत्सव में कथक (बालकृष्ण एकल) श्रेणी में पहला स्थान हासिल करके ख्याति प्राप्त की है। यह आयोजन हिंदुस्तान आर्ट एंड म्यूजिक सोसाइटी द्वारा आयोजित भारतीय कला और संस्कृति का एक अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव और वैश्विक प्रतियोगिता है। प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर तक कलकत्ता ब्लाइंड स्कूल ग्राउंड और शरत सदन, बेहाला, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में आयोजित की गई थी। देश-विदेश के प्रतिभागियों ने विभिन्न शास्त्रीय कला रूपों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पर्वतम योद्धा ने एक अभिव्यंजक और तकनीकी रूप से ध्वनि कथक प्रदर्शन के साथ जूरी को प्रभावित किया, एक योग्यता प्रमाण पत्र, भागीदारी प्रमाण पत्र, एक विजेता ट्रॉफी और एक पदक अर्जित किया। यह उपलब्धि भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रति बाल कलाकार के समर्पण, अनुशासन और जुनून को उजागर करती है। पर्वतम योद्धा दिल्ली पब्लिक स्कूल बाल्को में 4 वीं कक्षा में पढ़ रही है

### महिला कल्याण समाज एसईसीएल ने किया वन भ्रमण

**कोरबा।** महिला कल्याण समाज, एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा पिकनिक भ्रमण का आयोजन महिला कल्याण समाज, एसईसीएल इंदिरा विहार द्वारा 25 दिसंबर को समाज की 50 महिलाओं एवं बच्चों के लिए रायपुर जंगल सफारी एवं पुरखौती मुक्तांगन का एक दिवसीय पिकनिक भ्रमण सचिव श्रीमती माधुरी तिवारी के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने जंगल सफारी में वन्यजीवन का अवलोकन किया तथा पुरखौती मुक्तांगन में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति एवं कला से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने आनंद, उत्साह एवं आपसी सौहार्द के साथ यादगार समय व्यतीत किया। महिला कल्याण समाज का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाना है। भविष्य में भी इस प्रकार के उपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लिम्हा की टीम रही विजयी

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित थी डिंडोलभाटा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

अलग खबर

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम डिंडोलभांठा बम्हनीकोना में स्व.अजय सिंह पोर्ते की स्मृति में आयोजित हुआ। जिसमें कुल 18 टीम ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच लिंहा बिलासपुर एवं देवगांव के मध्य खेला गया। जिसमें लिंहा के खिलाड़ियों के द्वारा बेहतर प्रदर्शन के साथ फाइनल मैच में शानदार जीत हासिल की।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल ने फाइनल मैच के खिलाड़ियों से परिचय लिया और मैक का टॉस कराकर खेल का शुभारंभ किया। फाइनल मैच के विजेता लिंहा बिलासपुर को मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल के द्वारा 15 हजार नगद व ट्राफी, श्रीमती यशोदा बाई ओड़े के द्वारा उपविजेता टीम देवगांव को 10 हजार रुपए नगद व ट्राफी वहीं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 5 के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर डिंडोभांठा को 7 हजार रुपए नगद व ट्राफी से नवाजा गया। वहीं खेल में बेस्ट रेडर व बेस्ट केचर को एक हजार रुपए नगद जान सिंह के द्वारा दिया गया। वही वेस्ट आलराउंडर को एक रेंजर साईकिल ईनाम में बाबू लाल पोर्ते व कृपाल सिंह मरावी के द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि मुकेश जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि डिंडोलभांठा बम्हनीकोना में प्रत्येक वर्ष कब्बड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता आ रहा है। यह कब्बड्डी खेल के प्रति समर्पण और आनंद को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती यशोदा बाई ओड़े सरपंच बम्हनीकोना ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य मुड़ापार, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री पंकज ध्रुवा, सरपंच हरदीबाजार लोकेश्वर कंवर, सरपंच मुड़ापार शिल्की कुंवर सिंह, उपसरपंच राकेश्वरी कश्यप, घनश्याम सिंह नेटी, सचिव सीताराम साहू, प्रमोद जाटवर, जान सिंह, बिसाहू सिंह व प्रताप सिंह सहित समिति के सदस्य व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में प्रदेश की 18 टीम ने लिया भाग
- विजेता टीम को मिला 15 हजार रुपए नगद व ट्राफी



## तान नदी पर स्थित पुल पर मौत का गड्ढा, बना हादसे की वजह

# जानलेवा गड्ढा बना हादसे का सबब, एक की मौत, दो घायल



सड़क हादसे में मृत युवक।



तान नदी पर स्थित जर्जर पुल एवं क्षतिग्रस्त डिवाइडर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेशनल हाईवे 130 पर तान नदी पर स्थित जर्जर पुल के बार फिर हादसे की वजह बनी है। कोरबा से परला जा रहे स्कूटी सवार युवक जैसे ही पुल पर पहुंचे, इसी दौरान स्कूटी गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होने की वजह से रेलिंग से टकरा गई। इस सड़क हादसे में स्कूटी सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हो गए। इसके पहले भी गुरसिया स्थित तान नदी के पुल पर बने गड्ढे की वजह से सड़क हादसे में लोगों की जान जा चुकी है।

नेशनल हाईवे 130 पर स्थित गुरसिया के तान नदी पुल की बदहाली ने एक बार फिर आम नागरिक की जान ले ली। वार्ड 5 देवांगन पारा कोरबा निवासी पान व्यवसायी सुरेश कुमार श्रीवास का युवा पुत्र प्रकाश श्रीवास उम्र लगभग 21 वर्ष गुरुवार को अपने दो अन्य मित्रों के साथ बाइक पर सवार होकर परला जा रहा था। गुरसिया मार्ग से गुजरते हुए जैसे ही तान नदी पर बने पुल को पार कर रहे थे कि स्कूटी जर्जर पुल में बने गड्ढे के संपर्क में आया और अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया। इस हादसे में स्कूटी सवार प्रकाश श्रीवास की मौके पर ही मौत, जबकि हरि गोस्वामी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरा युवक अनमोल गोस्वामी को हल्की चोटें आई है। मृतक प्रकाश श्रीवास और घायल हरि गोस्वामी बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा टीम के साथ कोरबा की पुरानी बस्ती देवांगन मोहल्ला के निवासी बताए जा रहे हैं। तीनों स्कूटी पर सवार होकर परला जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार हादसे का मुख्य कारण गुरसिया पुल पर बने गहरे गड्ढे हैं, जिनकी वजह से प्रकाश स्कूटी पर अपना संतुलन खो बैठा और स्कूटी पुल में बने डिवाइडर से जा टकराया। इसके बाद राहगीरों ने डायल 112 में हादसे की सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे और प्रकाश के शव को पोड़ी उपरोड़ा स्थित सीएचसी रवाना किया। बांगो थाना प्रभारी ने इस घटना को गंभीर लापरवाही करार दिया है। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि नेशनल हाईवे अधिकारियों को आम लोगों की जान की कोई परवाह नहीं है। वीआईपी आवाजाही वाली सड़कों पर तो तत्काल मरम्मत हो जाती है, लेकिन आम जनता के रास्तों को नजरअंदाज किया जाता है। इस हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

**खास बात**

- कोरबा से परला जा रहे स्कूटी सवार तीन युवक हुए सड़क हादसे का शिकार

### दोस्तों ने छुपाई हादसे की जानकारी

दुर्घटना में प्रकाश के मित्र हरि गोस्वामी और अनमोल गोस्वामी भी घायल को गए थे। हादसे के बाद दोनों युवक गुरसिया में ही रुक गए और न तो पुलिस को इसकी सूचना दी और ना ही मृतक के परिजन को। दूसरी तरफ बांगो पुलिस ने मृतक के पास से मिले मोबाइल को अपने पास रखा, जिसमें शुक्रवार की सुबह फोन आने पर पुलिस के द्वारा घटना के संबंध में जानकारी दी गई। इस तरह मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना मिली। प्रकाश की मौत की खबर से परिजनों में हाहाकार मच गया। वहीं दूसरी ओर घायल युवकों ने शुक्रवार की सुबह अपने परिजनों से संपर्क किया और घटना की जानकारी मृतक प्रकाश के परिजनों को देने के लिए कहा।

### बोर्ड लगा पर नहीं बना डायवर्सन मार्ग




स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरसिया पुल लंबे समय से जर्जर हालत में है। पुल पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद नेशनल हाईवे अथॉरिटी की ओर से न तो समय पर मरम्मत कराई गई और न ही कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था की गई। हैरानी की बात यह है कि भारी वाहनों के प्रतिबंध का बोर्ड तो लगा दिया गया है, लेकिन वैकल्पिक डायवर्जन मार्ग नहीं बनाया गया। जबकि इस पुल की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन और बांगो थाना द्वारा बार बार गड्ढों की मरम्मत की मांग की जाती रही, लेकिन नेशनल हाईवे की ओर से हर बार यही कहा गया कि बरसात के बाद मरम्मत कर दी जाएगी। आज तक कोई ठोस काम नहीं हुआ।

### प्रभा का बीएसएफ में हुआ चयन

**कोरबा।** ग्रामीण क्षेत्रों की बेटियां कैसे अपनी लगन और मेहनत से देश के लिए महत्त्वपूर्ण पदो पर पहुँचकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन कर रही है। ऐसे ही ग्रामीण इलाके के एक गरीब किसान की बेटी ने वह कर दिखाया है जिससे पूरा गांव गौरवान्वित है। उसने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कामयाबी हासिल कर दूसरी लड़कियों को भी सीख दी है कि जीवन मे कुछ हासिल करने का जज्बा हो तो इसमें असफलता नहीं मिलती है। यह कारनामा कोरबा जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत एक छोटे से गांव दादर के एक गरीब किसान सुखीदास की बेटी प्रभा ने कर दिखाया है। पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लाफा के आश्रित दादर निवासी सुखीदास की 22 वर्षीय पुत्री प्रभा महंत का चयन बीएसएफ में हुआ है। पश्चिम बंगाल में प्रशिक्षण पूरा कर प्रभा जब अपने ग्राम लौटी तब लोगों में गर्व के साथ खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने मिठाईयां बांटी व बधाईयां दी। प्रभा ने कहा कि मां-पिता के आशीर्वाद व समर्थन और खुद के कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प से गरीबी की बाधाओं को पार करते हुए विपरीत परिस्थितियों में भी हार नही मानी, तब जाकर अपने सपने को पूरा की हूँ।

# करतला रेंज में एक और दंतैल हाथी की आमद, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



वनमंडल कोरबा के करतला रेंज में हाथियों की गतिविधियां लगातार बढ़ता ही जा रहा हैं। कुदमुरा क्षेत्र से एक और दंतैल हाथी अचानक करतला रेंज में आ धमका है। सोमवार को इस दंतैल हाथी को बड़मार जंगल में विचरण करते हुए देखा गया, जिसके बाद वन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है।

हाथी की मौजूदगी की पुष्टि होते ही वन विभाग द्वारा बड़मार सहित आसपास के गांवों में मुनादी कराई गई और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की गई। लोगों को घरों में रहने, जंगल की ओर न जाने और हाथी दिखाई देने पर तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि करतला रेंज के चिकनीपाली बिट अंतर्गत पहाड़ी क्षेत्र में पहले से ही एक दंतैल हाथी सक्रिय है। अब दूसरे दंतैल के पहुंचने से क्षेत्र में सक्रिय दंतैल हाथियों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। इससे ग्रामीणों के लिए खतरा और बढ़ गया है। वन विभाग द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा कर्मचारियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। इधर, कटघोरा वनमंडल में भी हाथियों की गतिविधि जारी है। जटगा रेंज में 49 हाथी तथा एतमानगर रेंज में 2 हाथी बालापचरा क्षेत्र के पास विचरण कर रहे हैं। बालापचरा में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के खेत में लगी अरहर की फसल को बुरी तरह रौंद दिया, जिससे किसान को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित ग्रामीण की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों द्वारा की गई क्षति का आंकलन किया।

### समग्र विकास को लेकर जन प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** समग्र विकास को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं और आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने किया। मुलाकात में पार्षद टामेश अग्रवाल, पार्षद जनक सिंह राजपूत, महानगर साहू संघ के सह सचिव रिंकू साहू तथा अधिवक्ता रवि शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने पुराने कोरबा क्षेत्र में सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने बताया कि पुराना कोरबा ऐतिहासिक और आबादी वाला क्षेत्र है, यहां योजनाबद्ध विकास अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत कराने का आग्रह किया।

## विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की ली जानकारी

# आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आयुक्त व रोल ऑब्जर्वर बिलासपुर संभाग सुनील जैन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की उपस्थिति में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर), अर्हता तिथि 1 जनवरी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की स्पष्ट मंशा है कि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से न कटे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न जुड़ने पाए। विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 22 जनवरी तक दावा-आपत्तियाँ आमंत्रित की गई हैं। मृत मतदाताओं एवं दो स्थानों पर दर्ज मतदाताओं के नाम विलोपित किए जा रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के अंतर्गत सी श्रेणी में सम्मिलित मतदाताओं से भी दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। उन्होंने बताया कि नाम जोड़ने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट करने एवं अन्य आवश्यक सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है। प्राप्त आवेदनों की सुनवाई उपरांत पात्र पाए गए आवेदकों के अनुसार मतदाता सूची संशोधित की जाएगी। आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर श्री जैन ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि एसआईआर की प्रक्रिया में बूथ लेवल असिस्टेंट (बीएलए) का सहयोग महत्वपूर्ण है, अतः वे क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता आवेदन से वंचित न रहे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर ने गंभीरता से सुना। दलों द्वारा मृत, शिफ्टेड तथा अनुपस्थित मतदाताओं की सूची बीएलए के पास उपलब्ध कराने की मांग पर उन्होंने बताया कि यह सूची बीएलए के पास उपलब्ध है तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उसका अवलोकन कर सकते हैं।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग ) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### ग्राम टेमर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महिला मुक्ति दिवस



**सक्ती।** ग्राम टेमर के हरदीहा मरार पटेल सामाजिक भवन में छत्तीसगढ़ के पहली तिहार छेरछेरा एवं माता सावित्री बाई फूले की जयंती पर महिला मुक्ति दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। पूजा अर्चना के बाद समाज के विकास संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर कुलदीप पटेल, रथराम पटेल, एकांबर पटेल, बाहरता पटेल, दामोदर पटेल, श्रीमती पुष्पा पटेल, श्रीमती मिथिलेश पटेल, भगवानदीन पटेल, रेवतीनंदन पटेल, घनश्याम पटेल, रामदयाल पटेल, भोला पटेल, चेतेश्वर पटेल, राजेंद्र पटेल, मनोज पटेल, जागेश्वर पटेल, गुरुदेव पटेल, जगदेव पटेल , लखन लाल पटेल सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया शिक्षक फ़ेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन



**अकलतरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अकलतरा में विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी के आतिथ्य में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फ़ेडरेशन अकलतरा के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति शर्मा, संयोजक लक्ष्मण रात्रे, कार्यकारिणी अध्यक्ष दामोदर चौधरी, उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार धीवर, सचिव रुपेश सिंह, अमित धीरही, कोषाध्यक्ष रमाकांत परौहा , कार्यकारिणी सदस्य सुधा सिंह, मोनिका रानी पाण्डेय, ज्योत्सना सिंह, सुनीता राठौर, विद्या कँवर, श्वेता शर्मा, उमाशंकर निर्मलकर, नरेन्द्र डहरिया, जय कुमार साहू, पंचराम बघेल, श्रवण कुमार साहू, ब्रजेश पटेल, कमल प्रसाद केशरवानी, योगेंद्र पाल मिरी, विनोद कुमार भारद्वाज, जगदीश प्रसाद श्रीवास, बलराम कंवर, राजेश रात्रे, साजन प्रजापति, प्रियंका सिंह चौहान,राजेश कैवर्तय, अर्जुन झाड़े जिला प्रवक्ता, योगेंद्र राय, लकेश्वर कँवर, सुरेश साहू, प्रदीप पटेल, रश्मि दुबे, संगीता सिदार, सुनीता कमलवंशी, रश्मि सिंह, योगेंद्र राय, जयपाल मार्बल, संतोष कुमार धीवर, ओम सरिता जोगी, रूपचंद देवांगन,संतोष ध्रुव, कमल धीरही सहित बड़ी संख्या में कार्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### धार्मिक नगरीय शिवरीनारायण में शिवपुराण कथा महोत्सव आज से

**जांजगीर-चांपा।** धार्मिक नगरीय शिवरीनारायण में राम मंदिर के सामने शिव पुराण कथा महोत्सव का आयोजन 4 जनवरी से 13 जनवरी तक किया जाएगा। आचार्य संजय कुमार दुबें बाल्को वाले के आर्चायत्व में प्रथम दिवस रविवार 10 बजे कलश यात्रा बडे मंदिर के सामने से प्रारंभ होगी। नगर के मार्ग से भ्रमण करते हुए महानदी से जल लेकर वापस आवेगी। कलश गौरी-गणपती देवपूजन के बाद कथा महात्म 9 दिवसीय कथा प्रारंभ होगा। मुख्य यजमान अनिता तिवारी ने भक्तजन से कथा श्रवण करने उपस्थिति की अपील की है।

## उल्लासपूर्वक मना अन्नदान का महापर्व, घरों में बनाए गए पारंपरिक पकवान

# डंडा नृत्य के साथ गली-मोहल्लों में गूंजा छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकपर्व छेरछेरा शनिवार को जिले भर में पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। अन्नदान के इस पावन पर्व पर गांव से लेकर शहर तक उत्साह नजर आया। बच्चों ने घर घर जाकर अन्न का दान मांगा। वहीं युवाओं की टोली डंडा नाच में व्यस्त रही। सुबह से ही "छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरते हेरा" की गूंज हर ओर सुनाई देने लगी। बच्चों की टोली घर घर जाकर अन्नदान की मांग करती रहीं। लोगों ने भी पूरे श्रद्धा भाव से चावल, धान और अन्य अनाज का दान किया। पर्व के दौरान आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

किसानों का पारंपरिक पर्व छेरछेरा शनिवार 3 जनवरी को जिले में उल्लास के साथ मनाया गया। अन्नदान को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। दोपहर और शाम के समय युवाओं ने पारंपरिक डंडा नाच प्रस्तुत कर माहौल को और भी जीवंत बना दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते कदम और लोकगीतों की गूंज ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गलियों में बच्चे, युवा और बड़ों की टोली 'छेरछेरा' की आवाज लगाते निकली तो लोगों ने द्वार-द्वार पर धान देकर अन्नदान के इस महापर्व की मान्यता पूरी की। इसके अलावा घरों में परांपरागत पकवान भी बनाए गए। प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा को मनाए जाने वाले छेरछेरा त्यौहार को लेकर गांव सहित कस्बाई क्षेत्रों में उत्सव का माहौल रहा। शहरों में भी कुछ जगहों पर अन्न, धन दानकर इस पर्व की मान्यता पूरी की गई, लेकिन ग्रामीणों के लिए यह दिन खास रहा। सुबह होते ही हाथ में थैला या बोरी लिए, बच्चों की टोली 'छेरछेरा, कोठी के धान ल हेरते हेरा' की आवाज लगाती निकल पड़ी। लोगों ने भी पर्व के अनुसार घर के सामने धान की बोरी निकाल ली थी और सबको उनके क्रम एवं संख्या के अनुसार धान दिया गया। इधर डंडा एवं सुआ नृत्य वालों की टोली सुबह 10 बजे के बाद निकली, जो हर दरवाजे पर जाकर अपनी प्रस्तुति दी और बदले में लोगों ने उन्हें धान देकर आज की परंपरा कर निर्वाह किया। छेरछेरा पर्व को लेकर लोगों का कहना है कि यह केवल अन्नदान का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सहयोग और परंपराओं को सहेजने का माध्यम है। इस दिन अमीर-गरीब का भेद मिट जाता है और हर कोई अन्न के रूप में दान देकर मानवता का संदेश देता है।

**नवागढ़।** अंचल में छेरछेरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुबह से बच्चे गली मोहल्लों में छेरछेरा कोठी के धान ल हेरतेहेरा की गूंज सुनाई दी गई। लोगों ने स्वेच्छानुसार बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें धान, चांवल और नगदी भेंट किया। छेरछेरा मांगने बच्चों के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों की भी टोलियां घूमती रही। छेरछेरा पर्व पर डंडा नाच की भी धूम रही। युवाओं ने समूह में घर-घर जाकर संगीतमय मांदर बजाकर डंडा नाच के माध्यम से भी छेरछेरा मांगते रहे।



गांव में छेरछेरा मांगने निकले बच्चे।



पारंपरिक डंडा नाच प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बनाते युवा।

### तुस्मा में सुबह से गली मोहल्लों में छेरछेरा कोठी के धान ल हेरतेहेरा की सुनाई दी गूंज



**तुस्मा।** पौष पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला महादान का पर्व छेरछेरा शनिवार 3 जनवरी को ग्राम तुस्मा सहित सभी आस पास गांव में धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से बच्चे गली मोहल्लों में छेरछेरा कोठी के धान ल हेरतेहेरा की गुंज सुनाई दी। छेरछेरा मांगने बच्चों के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों की भी टोलियां घूमती रही। छेरछेरा पर्व पर डंडा नाच की भी धूम रही। नई फसल को लेकर किसानों के बीच मनाए जाने वाले इस त्यौहार का अपना विशेष महत्व है। 4 महीने की खेती-बाड़ी से उबर कर किसान अपने धान को खेत से मिंजाई करके घर के कोठियों में जमा रखते हैं। पुष पुन्नी के दिन अन्न दान का उत्सव के रूप में इस छेरछेरा के त्यौहार को मनाया जाता है। ग्राम पंचायत तुस्मा में छेर-छेरा का पर्व शनिवार 6 जनवरी को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। आज सिर्फ बच्चे ही नहीं बल्कि बुजुर्ग भी जगह जगह डंडा नृत्य के साथ धान मांगते हुए नजर आए। छेर-छेरा कोठी के धान ला हेर हेरा की आवाज शुक्रवार को तुस्मा के कोना-कोना तक गूंज उठी। इतना ही नही बल्कि लोगों ने छेर-छेरा पर्व को क्यो मनाए जाते है इसके बारे में भी बताया। एक समय था जब धरती पर घोर अकाल पड़ी अन्न,फल,फुल,व औषधी नही उपज रही इसमें मनुष्य के साथ सभी जीव जंतु भी हलाकन हो गए ऋषि मुनि और आम लोग भूख से थर्रा गए तब आदि देवी शक्ति शाकंभरी देवी प्रकट हुई और अन्न,फल, फूल और औषधी की भंडार दे गई। इससे ऋषि मुनि और आमजनों की भूख और दर्द दूर हो गए उसी दिन को याद कर छेर-छेरा पर्व को मानने की बात कही जाती हैं।

### ब्लॉक में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा, घरों में बने पकवान



**मालखरौदा।** छत्तीसगढ़ का पारंपरिक एवं 2026 का पहले त्योहार छेरछेरा पूरे ब्लॉक में धूमधाम से मनाया गया जहां ठंड के बावजूद क्षेत्र के गांव-गांव में बच्चे युवा नौजवान हाथ में थैला टोकरी लेकर अपने टोली के साथ घर-घर पहुंचकर छेरछेरा कोठी के धान ल हेर हेरा कहते सुनाई दिए जो ग्रामीणों ने भी उनके घर पहुंचे सभी लोगों को धान चावल चॉकलेट बिस्किट बाटकर अन्न पर्व मनाया गया इसके अलावा घरों घर महिलाओं ने अपने घर में बड़ा भजिया प्याजी बड़ा गुड भजिया सलोनी ,ठेठरी बनाकर परिवार के साथ इसका आनंद लिए। पूरे दिन भर गांव में अनुदान का पर्व छेरछेरा चला रहा। इस अवसर पर ग्राम मालखरौदा में जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह द्वारा छैरछेरा लेने आने वाले सभी लोगों को धान के रूप में अन्ना दान किया इसे ग्रामीण बच्चे काफी खुश दिखाई दिए।

### छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का प्रतीक है छेरछेरा तिहार : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



मठ मंदिर शिवरीनारायण में बच्चों को छेरछेरा देते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतीक छेरछेरा तिहार शिवरीनारायण मठ में लोक परंपरा के अनुरूप मनाया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास छेरछेरा तिहार के अवसर पर शिवरीनारायण मठ में थे। सुबह 7 बजे से छेरछेरा मांगने वालों का आगमन प्रारंभ हुआ। इसमें छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक सभी उम्र के लोग अपने-अपने साथियों के साथ छेरछेरा कोठी के धान ल हेर हेरा कहते हुए मठ पहुंचे।

राजेश्री महन्त महाराज ने उन्हें छेरछेरा प्रदान किया। बच्चे काफी उत्साहित होकर प्रणाम करके आशीर्वाद प्राप्त कर हर्षित हुए। छेरछेरा त्यौहार के संदर्भ में अपने संदेश में राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि छेरछेरा छत्तीसगढ़ का लोक पर्व है, इसे काफी श्रद्धा भक्ति पूर्वक उत्साह के साथ प्रत्येक वर्ष पौष पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह कृषि कार्य के संपन्न होने का प्रतीक है। इस त्यौहार में अन्नदान की परंपरा है। वेद शास्त्रों में अन्न को ब्रह्म का स्वरूप माना गया है। जीवों की उत्पत्ति, उनका विकास अन्न से ही होता है, इसलिए अन्न दान को महादान माना गया है। हम सभी को अपने सामर्थ के अनुसार लोगों को अन्न का दान करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजेश्री महन्त महाराज जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास पर थे। उन्होंने रात्रि विश्राम शिवरीनारायण मठ में किया। सुबह छेरछेरा त्यौहार मनाने के बाद रायपुर के लिए रवाना हुए।

### मांदर बजाकर प्रस्तुत किया डंडा नाच

**मुलमुला।** अन्नदान महादान के ही अनुरूप ग्राम मूलमुला में पारंपरिक छेरछेरा त्यौहार को डंडा नाच कीर्तन टोली एवं छोटे बड़े बच्चे बूढ़े सभी हर्षोउल्लास के साथ मनाया। शनिवार को खेतिहर किसान अपना किसानी कार्य संपूर्ण रूप से समाप्त कर फसल अपने घर में लाने के बाद इस त्यौहार को मानते हैं जिसमें बड़े छोटे सभी -छेरछेरा कोठी का धान हेरते हेरा - कह कर धान के रूप में दान प्राप्त कर व दान दें कर सभी अपने आप को धन्य मानते हैं। ग्राम मुलमुला में अन्नदान का पर्व छेरछेरा शनिवार 3 जनवरी को धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह से बच्चे गली मोहल्लों में छेरछेरा मांगने निकले। बच्चों के साथ-साथ युवाओं की भी टोलियां घूमती रही। छेरछेरा पर्व पर डंडा नाच की भी धूम रही। लोक परंपरा के अनुसार पौष महीने की पूर्णिमा को प्रतिवर्ष छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। घर घर में कुल देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ अन्न का दान किया जाता है।



## हमेशा करना चाहिए भगवान का भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

छत्तीसगढ़ की काशी खरौद में प्राचीन शबरी मंदिर में प्रत्येक महीने के पूर्णिमा के दिन महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया जाता है। इस बार अंग्रेजी नव वर्ष 1 जनवरी एवं पौषशुक्ल पक्ष त्रयोदशी को इसका आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती जानकी देवी यादव एवं श्यामा बाई यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

महामाया अध्यात्मपरिषद के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य धनसाय यादव ने कहा कि हम हिंदू सनातनियों का नया वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को होता है। महामाया अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य हेमलाल यादव शिक्षक ने कहा कि मनुष्यों का जीवन क्षणभंगुर है पता नहीं कब कोई यहां से चला जाए इसलिए हमें निरंतर भगवान का नाम जाप और भजन करते रहना चाहिए। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि कलयुग में जो भजन कीर्तन करता है भगवान का नाम जपता है उनकी रक्षा साक्षात हनुमान जी करते हैं, क्योंकि भगवान राम ने उन्हें इस कार्य के लिए नियुक्त कर रखे हैं। इसके प्रमाण उन्होंने अनेक सत्य घटनाएं सुनाई।



कलयुग से मुक्ति एवं पापों को भस्म करने के लिए राम नाम और भजन ही एक मात्र साधन है। कार्यक्रम में छठ बाईआदित्य, दुलौरिन बाई आदित्य, राजकुमारी नोनिया, जमुना बाई यादव, तीजमती यादव, फूल कुंवर, भुवनेश्वरी यादव, द्रौपदी यादव, राधिका यादव, मंदोदरी यादव, संतोषी यादव, मिथिला यादव, दूज बाई आदित्य, सुमित्रा आदित्य, सावित्रीबाई कावेरी यादव, चंद्रकला नोनिया, चमेली यादव, कांति नोनिया, भगवती यादव, पदमा यादव, रामेश्वरी श्रीवास, फागण आदित्य, मदालसा यादव, भगवती साहू, गंगाबाई साहू, जानकीबाई साहू, त्रिवेणी आदित्य, रमाबाई, श्यामबाई आदित्य, सोन कुंवर, सुख बाई, बृहस्पति, लक्ष्मी आदित्य, चंद्रप्रभा यादव, गौरी यादव, नर्मदा यादव, फगनी नोनिया, कमला यादव, जाम बाई यादव, शांति बाई उपस्थित थे।

### आज मनाई जाएगी सावित्री ज्योतिबा राव फुले की जयंती

**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत पिहरीद के डॉ. अंबेडकर शास. प्राथमिक शाला कैंपस में 4 जनवरी के शाम 4 बजे देश के प्रथम महिला शिक्षिका एवं समाज सुधारक कवियत्री श्रीमती सावित्री ज्योतिबा राव फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में शिक्षक के क्षेत्र में सेवा दे रहे 60 महिला शिक्षको को सम्मानित किया जाएगा। शाम 7 बजे से सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित हिन्दी फिल्म को दिखाया जाएग।

### बिर्रा में डी डब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता 6 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में पुलिस थाना के सामने खेल मैदान में डीडब्ल्यू एम क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार 6 जनवरी को होगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 10001 रुपए एवं ट्रॉफी दिया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए एवं ट्रॉफी और तृतीय पुरस्कार 2501 रुपए एवं ट्रॉफी दिया जाएगा।

## भाकपा के 100 साल पूरे होने पर नुक्कड़ सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 25 दिसम्बर 1925 को कानपुर में गठन के 100 साल पूरे होने पर सक्ती जिले के ठठारी शाखा के दर्राभांठा में नुक्कड सभा आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के गठन के उद्देश्य लक्ष्यों और पूर्व के नेतृत्व कर्ता साथियों द्वारा भारत के सर्वहारावर्गों के हितों के लिए किए संघर्षों के बाद प्राप्त उपलिब्धयों की विस्तार से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा ने उपस्थित पार्टी सदस्यों और ग्रामीणों को जानकारी दी।

कामरेड शर्मा ने बताया कि पार्टी के गठन से अब तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का इतिहास देश के मेहनत कश मजदूरों किसानों के हितों की रक्षा के लिए कुरबानियों और उपल्बिधों से भरा हुआ है। सन 1925 के 26 दिसम्बर को कामरेड हसरत मोहानी एवं अन्य क्रांति कारी साथियों द्वारा पार्टी गठित की गई पार्टी गठन के दिन से लेकर भारत की आजादी तक पार्टी ने देश की जनता के बुनियादी सवालों से लेकर ब्रिट्रिश उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्षरत रही कम्युनिस्ट कार्य कर्त्ता ही थे, जिन्होंने अन्य कांतिकारियों के साथ मिलकर कांग्रेस के भीत्तर पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव रखा, जिसे स्वीकार भी किया गया पार्टी ने संघर्ष छेडे ओर किसानों मजदूरों को विद्रोह की राह पर लाया जिसमें हजारों कम्युनिस्ट कार्यकर्त्ता शहीद हुए जेल गए और अमानवीय यातनाएं झेलीं। अंग्रेज शासन के विरुद्ध लम्बी अवधि तक जेल में रहने का कीर्तिमान भी कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार के सदस्य कामरेड नक्षत्र मालाकार के नाम दर्ज है, इन्हें अंग्रेजों ने 33 वर्षों तक जेल में रखा। कामरेड अनिल शर्मा ने कहा कि देश में सत्तारूढ शासक वर्ग अब अपने फासीवादी विचारों व चरित्र के साथ साथ याराना पूंजीवाद को बढ़ाने में लगी हुई है, जिसे परास्त कराने कम्युनिस्ट पार्टी संघर्षरत है। नुक्कड़ सभा में रामधीन चौहान, छोटेलाल साहू, कार्तिक बरेठ, हरचंद पटेल, कन्हैया सिदार, परदेशीन बाई केंवट और जिला पार्टी के सचिव कामरेड अनिल शर्मा, कामरेड ननकी दाऊ चंद्रा, कामरेड डी महंत शामिल थे।




नुक्कड़ सभा में उपस्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी व ग्रामीण।

## निधन

### केजुराम कांत

**पामगढ़।** ग्राम भिलौनी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व सरपंच केजुराम कांत का 78 वर्ष की उम्र में शनिवार 3 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया । वे अपने पीछे दो पुत्र एवं चार पुत्रियों का भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गये हैं। मुखाग्नि उनके पुत्र राकेश कांत ने दी । उनकी अंतिम यात्रा के परिजन सहित ग्राम वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए ।



### हरकुंवर सूर्यवंशी

**कोसमंदा।** नगर पंचायत सारागांव की प्रतिष्ठित महिला हरकुंवर सूर्यवंशी का 85 वर्ष की उम्र में 1 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र रमेश किरण ने दी।



### श्रीमती जगबाई श्रीवास

**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हणपारा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक टीमन श्रीवास की धर्मपत्नी एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल रायपुर में कार्यरत सांख्यिकी अधिकारी रमेश श्रीवास की माता श्रीमती जगबाई श्रीवास का शुक्रवार 2 जनवरी को रायपुर में निधन हो गया। वे 76 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती श्रीवास अपने पीछे तीन पुत्रों समेत एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 3 जनवरी को स्थानीय मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र रमेश श्रीवास ने दी।



### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आज होगा शुभारंभ

**तुस्मा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से सटे ग्राम तुस्मा के कपूरताल मोहल्ला में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ रविवार 4 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात 8 जनवरी से ज्योदगीर मोहल्ला में पीतांबर साहू के निवास में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 18 जनवरी से ग्राम तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र जी की अमृतमयी कथा का आयोजन किया जाएगा। लगातार हो रहे इन आयोजनों के कारण तुस्मा गांव न केवल जिले में,बल्कि पूरे क्षेत्र में भक्ति और अध्यात्म की पहचान बनता जा रहा है। यहां सुबह-शाम भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि सुनाई देती है और हर आयु वर्ग के लोग धार्मिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। गांव वासियों के मन और हृदय में भगवान श्रीराम के प्रति अटूट श्रद्धा भक्ति है। कलश यात्रा के साथ शुरू होने वाले श्रीमद् भागवत कथा से एक बार फिर गांव का माहौल भक्तिमय हो जाएगा।









